# अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की दिनांक 24.07.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 24.07.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक की गई। समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर, डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, मेसर्स सी0एस0 टेक लिमिटेड (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर, असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर एवं प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स लार्सेन एण्ड टूब्रो लिमिटेड सीतापुर उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1– समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर द्वारा शिरोपरि जलाशयों में लगायी गई NCs के कार्यों का प्रगति विवरण प्रस्तुत किया गया। विवरण के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड की 130 क्रिटिकल एवं 204 मेजर कुल 334 NCs है जिसमें 130 क्रिटिकल एवं 202 मेजर कुल 332 NCs टी0पी0आई0 द्वारा जॉचोंपरान्त क्लोज कर दी गई तथा 2 NCs को क्लोज करने हेतु मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर को निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही– मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड / टी0पी0आई0 सी0एस0टेक लिमिटेड)**

2– समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर द्वारा अवगत कराया गया कि योजनाओंके समस्त कार्यों को पूर्ण करते हुए मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा 208 नग योजनायें एवं मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा 73 नग योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित कर लिया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यरत दोनों फर्मों को अधिक से अधिक योजनाओं के कार्यो को पूर्ण करते हुए योजना को संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही– मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड /मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड/ टी0पी0आई0 सी0एस0टेक लिमिटेड)**

3– अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में विभिन्न परियोजनाओं में उपयोग की जा रही पाइप, विद्युत उपकरण, मशीनरी एवं अन्य निर्माण सामग्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु संबंधित कार्यदायी संस्थाओं द्वारा आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं तथापि, विगत कुछ समय से विभिन्न योजनाओं पर असामाजिक एवं अराजक तत्वों द्वारा निर्माण सामग्री एवं उपकरणों की चोरी की घटनाएँ निरंतर प्रकाश में आ रही हैं, जिससे पेयजल योजनाओं से पेयजलापूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही है। अनेक मामलों में संबंधित थानों में प्राथमिकी (एफआईआर) भी दर्ज कराई गई है, परंतु इसके बावजूद चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है परिणामस्वरूप परियोजनाओं की प्रगति एवं पेयजलापूर्ति प्रभावित हो रही है तथा शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए बहुमूल्य संसाधनों एवं सार्वजनिक धन की क्षति हो रही है।

4– समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड एवं मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाते समय तोड़े गये मार्गों की पुर्नस्थापना के कार्यों की प्रगति अपेक्षा अनुरूप नहीं है जिस पर मैनपावर बढ़ाते हुए तीव्र गति से अवशेष सड़क पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

साथ ही अवगत कराया गया कि पेयजल योजनाओं की प्रगति देखने एवं शिकायतों को दर्ज करने हेतु विभाग द्वारा जल सारथी ऐप का उपयोग किया जा सकता है। पाइप पेयजल योजनाओं में कार्य करने में विभिन्न समस्याओं /बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु चल रही है। अतः जिन पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति की जा रही है उन पर निर्बाध रूप से पेयजलापूर्ति सुनिश्चित की जाये तथा योजनान्तर्गत चोरी एवं आ रही समस्याओं /बाधाओं की घटनाओं की सूची उप जिलाधिकारियों को प्रेषित करते हुए अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण /मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड /मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड )**

(डा0 राजागणपति आर.)
जिलाधिकारी
सीतापुर।

# कार्यालय जिलाधिकारी सीतापुर

पृ0 संख्याः 7048 / M-3 /36 दिनॉक 07/08 /2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर।
2– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
3– असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर।
4– प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स लार्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड सीतापुर।
5– डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, मेसर्स सी0एस0 टेक लिमिटेड (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।

03/8/2

जिलाधिकारी,
सीतापुर।